NT>

Title: Need to conduct a CBI enquiry about the sale of sugar in the open market by the government owned sugar mills in Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : उपध्याक्ष महोदय, महाराट्र में 19 सरकारी चीनी मिलों ने निर्यात के नाम पर, सरकारी चीनी का जो कोटा होता है वह मंडियों में बेच कर आर्थिक नियमों का उल्लंघन किया है। साथ ही साथ सरकारी रेवेन्यू को भी नुकसान पहुंचाया है। अब तक ये चीनी मिलें देश को 20 करोड़ के उत्पाद-शुल्क तथा महाराट्र के गन्ना किसानों को 60 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा चुकी हैं। राज्यों की चीनी मिलों को लोकल कोआपरेटिव बैंकों के अलावा नबार्ड और औद्योगिक बैंकों से क्रेडिट मिलता है, परन्तु यह क्रेडिट देश के निर्यात को बढ़ाने में उपयोग करने की बजाए देश की मंडी में ही चीनी बेच कर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। अब तक 80 करोड़ रुपए का नुकसान 19 चीनी मिलों ने किया है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि इन 19 चीनी मिलों ने किसानों को 60 करोड़ का जो चूना लगाया है और जो 20 करोड़ का रेवेन्यू डूबा है, इसके लिए मैं सीबीआई से जांच की मांग करता हूं और आपके माध्यम से रिकवेस्ट करूंगा कि इन चीनी मिलों की सीबीआई से इंक्वायरी करवाई जाए तथा इसके बोर्ड को तुरंत बर्खास्त करके उसके ऊपर शीघ्रातिशीघ कार्यवाही की जाए।

*Not Recorded.

<u>12.42 hrs.</u>